देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 88 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
भारतीय समुदाय की उपलब्धियां असाधारण

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 7 जुलाई 2023



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0°
65785.64
2 भारत को दिया सुरक्षा का भरोसा
7 रोहित कोहली के भविष्य पर फैसला

# डबल इंजन की सरकार बनते ही महंगाई चरम पर

## महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, सरकार को दिया अल्टीमेटम

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने मोर्चा खोला। महिलाओं ने गुरुवार को महंगाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। महिला कांग्रेस की नेताओं ने प्रदर्शन का अनोखा अंदाज अपनाया। गले में सब्जियों की माला डालकर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। गुरुवार को महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। सरकार पर आमजन का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। गुरुवार को घंटाघर पर प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां से गले में सब्जियों की माला डालकर एवं थाली बजाते हुए कांग्रेस भवन की ओर निकले।

प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला ने आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार के सत्ता में आने के बाद महंगाई चरम पर है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जनता के पक्ष में कोई फैसला नहीं लिया जाता तो ये प्रदर्शन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ विरोध जारी रहेगा।

ज्योति रौतेला ने कहा जब से भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में बैठी है, तब से महंगाई की मार लगातार इस देश की जनता पर पड़ रही है। उन्होंने कहा महिला कांग्रेस ने आज राजधानी देहरादून में विरोध प्रदर्शन किया है, कल महिला कांग्रेस प्रत्येक जिला मुख्यालयों में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रही है। इस मौके पर निधि नेगी, उर्मिला थापा, पायल बहल, नीरू सिंह, अंशुल त्यागी, चंद्रकला नेगी आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि टमाटर के दो सौ रुपये किलो हो गया है इतनी महंगाई पहले कभी नहीं हुई। सौ किलो टमाटर खरीदना हर किसी की बात नहीं है। गरीब लोग बिना टमाटर के ही सब्जी, दाल खा रहे हैं। टमाटर के अलावा अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़ हैं। वहीं रसोई गैस की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। गैस के दाम बढ़ने से गरीबों का चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया।



### भाजपा को लोकसभा चुनाव में चुकाना पड़ेगा खामियाजा

आशा रावत ने कहा कि सरकार महंगाई पर काबू करने के बजाए लगातार महंगाई बढ़ा रही है जिससे आम जनता परेशान हो गया है। इसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में चुकाना होगा। धरना देने वालों में ममता उनियाल, अनीता देवी, ममता रावत, कुसुम राणा, सीमा खरोला, देवेंद्र नौडियाल, मुशर्फ अली आदि मौजूद थे।

## टिहरी में कांग्रेस का सांकेतिक प्रदर्शन

देहरादून के साथ–साथ टिहरी में भी महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने बौराड़ी सांई चौक पर सांकेतिक धरना दिया। महिलाओं ने कहा कि सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं वहीं रसोई गैस में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिस कारण आम जनता का जीना दूभर हो गया है। गुरुवार को महिला कांग्रेस बौराड़ी सांई चौक में एकत्रित हुए और नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। बता दें आजकल सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है। रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सब्जियां खासकर टमाटर के दाम करीब दो सौ रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं

## संक्षिप्त समाचार

### अब 14 जुलाई को होगी चंद्रयान–3 की लॉंचिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तिरुपति। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान–3 लॉन्चिंग के आखिरी चरणों में है। इस मिशन को लेकर इसरो लगातार जानकारी साझा कर रहा है। इसी बीच गुरुवार को इसरो ने चंद्रयान–3 की लॉन्चिंग तारीख को लेकर एक ताजा जानकारी दी है। इसरो ने बताया कि चंद्रयान–3 को अब 13 जुलाई की जगह 14 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा।

### मणिपुर में आमने–सामने आए दो सशस्त्र ग्रुप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कांगपोकपी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो सशस्त्र समूह एकत्र हुए और उन्होंने गोलियां चलाईं लेकिन सुरक्षा बलों ने तत्काल इलाके में पहुंच कर किसी भी प्रकार की झड़प को टाल दिया। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना बुधवार दोपहर तीन बजकर 40 मिनट पर फेलेंग गांव के पास हुई।

# कनाडा को भारत ने दिखा ही दिया रौद्र रूप

## खालिस्तानी आतंकवादियों पर भारत ने कनाडा को जमकर सुना दिया, चेतावनी भी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाए जाने की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कनाडा सरकार को चेतावनी दे दी है। गौरतलब है कि कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी प्रदर्शन को अभिव्यक्ति की आजादी बताया था। इस प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कहा कि ये अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। ये हिंसा को बढ़ावा देने वाला, अलगाववाद को बढ़ावा देने वाला है। साथ ही आतंकवाद को जायज ठहराने जैसा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे कनाडा सरकार से उठाया है। हमने कनाडा सरकार से कहा कि वो हमारे राजनयिकों को वहां काम करने की आजादी मुहैया कराएं।

बागची ने सिख फॉर जस्टिस के जनमत संग्रह वाले वीडियो पर कहा कि हमें इसकी जानकारी है और हमने इस मुद्दे कनाडा के अधिकारियों के सामने उठाया है। यही नहीं SFJ चीफ गुरपतवंत पन्नू का भारतीय राजनयिकों को धमकी वाले वीडियो को लेकर भी भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। बागची ने कहा कि इस मुद्दे को कनाडा सरकार के सामने उठाया गया है। गौरतलब है कि कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों ने दो भारतीय राजनयिकों का पोस्टर चस्पा किया था। इसके बाद ही भारत अलर्ट हो गया था। दरअसल, भारत में कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और महावाणिज्य दूत अपूर्व श्रीवास्तव के खिलाफ पोस्टर दिखने के बाद भारत अलर्ट हो गया था।

### ट्रूडो ने किया अपना बचाव

इन घटनाओं पर जब ट्रूडो से पूछा गया कि भारत सरकार का कहना है कि आप सिख चरमपंथ पर नरम रुख अपना रहे हैं क्योंकि आप उस समुदाय के वोटों पर भरोसा करते हैं?श इस पर ट्रूडो ने कहा,श्भारत सरकार गलत हैं। कनाडा ने हमेशा हिंसा और हिंसा की धमकियों को बेहद गंभीरता से लिया है। हमने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की है और हम हमेशा करेंगे।

# हम सब मिलकर लड़ेंगे चुनावः पायलट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य के सभी मुख्य राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव के लिए कमर कस ली है। कांग्रेस का पूरा ध्यान एक एंटी इनकंबेंसी के असर के खिलाफ राजस्थान में एक बार फिर सरकार बनाने पर है। राजस्थान चुनाव पर कांग्रेस पार्टी ने अपना पूरा ध्यान भी केंद्रित कर दिया है। गुरुवार को दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान चुनाव का रोडमैप तैयार किया गया।

दिल्ली में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस मीटिंग में तकरीबन 28 नता शामिल हुए। वहीं, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत वर्चुअली रूप से मीटिंग में शामिल हुए। इस बैठक में चुनाव तैयार पर चर्चा के अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच दूरियों को कैसे कम किया जाए इस पर भी चर्चा हुई।

गौरतलब है कि इस मीटिंग के बाद सचिन पायलट ने कहा कि हम राजस्थान में मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सचिन पायलट ने आगे कहा कि इस बैठक में मैंने पिछली भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, पेपर लीक, राजस्थान लोक सेवा आयोग में सुधार के मुद्दे उठाए। मुझे खुशी है कि पार्टी ने इस पर ध्यान दिया। सचिन पायलट ने आगे कहा,हमने सभी मुद्दों पर खुले मन से चर्चा की सभी ने विश्वास जताया कि हम राजस्थान में दोबारा सरकार बना सकते हैं।

### रोडमैप

▪दिल्ली में राजस्थान विधानसभा चुनाव का रोडमैप तैयार

### एक बार फिर बनेगी कांग्रेस सरकार

कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल ने बैठक से जुड़ी कुछ जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में आगामी राजस्थान चुनाव को लेकर बैठक हुई। राजस्थान में कांग्रेस एकजुट होकर लड़ेगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# उम्र मायने नहीं रखती, मैं ही हूं अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि वह ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। यहां पार्टी की कार्यसमिति की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा, एनसीपी का अध्यक्ष मैं ही हूं। एनडीए से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य को पार्टी से निष्कासित करने संबंधी फैसले को कार्यसमिति ने मंजूरी दी। पार्टी नेता पी. सी. चाको ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किए गए। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा, सच सामने आ जाएगा। शरद पवार ने कहा कि चाहे मैं 82 साल का हूं या 92 साल का हो जाऊं, मैं अब भी प्रभावी हूं। वहीं, पीसी चाको ने कहा कि संगठन शरद पवार के साथ है।

### भतीजे को शरद पवार की दो टूक, राहुल गांधी से भी मिले

वहीं, राहुल गांधी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से जुड़े संकट के बीच गुरुवार को एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि पवार के आवास पर इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ एकजुटता प्रकट की।

# खालिस्तान के धमकी भरे पोस्टर पर दिखी भारतीय राजनयिकों की तस्वीर

रिपोर्ट

## कनाडा ने भारत को दिया सुरक्षा का भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोरंटो। कनाडा ने सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे पोस्टरों में भारतीय अधिकारियों का नाम होने पर भारत को उसके राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया है और खालिस्तान की एक रैली से पहले प्रसारित हो रही प्रचारात्मक सामग्री को अस्वीकार्य बताया है। कनाडा की विदेश मंत्री मिलानी जॉली का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने कनाडा, ब्रिटेन तथा अमेरिका जैसे अपने साझेदार देशों को चरमपंथी खालिस्तानी विचारधारा को तवज्जो न देने के लिए कहा है क्योंकि यह उनके रिश्तों के लिए सही नहीं है।

राजनयिकों की सुरक्षा के लिए कनाडा की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए जॉली ने वियना संधि के प्रति देश के अनुपालन का उल्लेख किया। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया, श्कनाडा राजनयिकों की सुरक्षा के




संबंध में वियना संधियों के तहत अपने दायित्वों को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा, श्कनाडा आठ जुलाई को नियोजित एक प्रदर्शन के संबंध में ऑनलाइन शेयर हो रही कुछ प्रचारात्मक सामग्री को लेकर भारतीय अधिकारियों के करीबी संपर्क में है। यह प्रचारात्मक सामग्री अस्वीकार्य है।

**पोस्टर पर क्या बोले एस जयशंकर?**

जॉली ने इस बात पर भी जोर दिया कि कुछ लोगों के कृत्यों को श्पूरे समुदाय या कनाडा की सहमति नहीं है। जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तानी पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों का नाम होने की खबरों के बारे में कहा है कि इस मुद्दे को कनाडा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। नई दिल्ली में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम से इतर जयशंकर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चरमपंथी, अतिवादीश खालिस्तानी सोच भारत या अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है।

**खालिस्तानियों को तवज्जो नहीं दें** विदेश मंत्री ने कहा, हमने कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे हमारे सहयोगी देशों, जहां खालिस्तानी गतिविधियां हुई हैं, उनसे आग्रह किया है कि वे खालिस्तानियों को तवज्जो नहीं दें, क्योंकि उनकी (खालिस्तानियों की) चरमपंथी, अतिवादी सोच न तो हमारे लिए, न ही उनके लिए और न ही उनसे (उन देशों से) हमारे संबंधों के लिए ठीक है। उन्होंने कहा, हम पोस्टर के मुद्दे को वहां की (कनाडा की) सरकार के साथ उठायेंगे। मेरा मानना है कि अब तक ऐसा (कनाडा की सरकार के समक्ष मुद्दे को उठाने का काम) पहले ही किया जा चुका होगा।

## न्यूज डायरी



### मॉस्को पर हुआ ड्रोन अटैक, बचाव के लिए रूसी सेना ने हवाई अड्डे को किया बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस–यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन से हमले करने का सिलसिला जारी है। दोनों देश एक–दूसरे पर ड्रोन के जरिए हमला करने में जुटे हुए हैं। इसी बीच मंगलवार को मॉस्को पर एक यूक्रेनी ड्रोन हमला किया गया, जिससे रूसी सेना अपना बचाव किया। रूसी सेना ने कहा कि इस ड्रोन हमले से बचाव के लिए अधिकारियों को शहर के एक हवाई अड्डे को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। पिछले महीने भी रूस पर इस तरह का हमला किया गया था। हमेशा से यूक्रेनी ड्रोन रूस के दर हमलों पर किसी तरह की टिप्पणी करने से बचते हैं, ठीक वैसे ही इस बार भी हुआ है। यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा इस हमले की जिम्मेदारी का दावा नहीं किया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पांच में से चार ड्रोन को मॉस्को के बाहरी इलाके में हवाई सुरक्षा द्वारा मार गिराया गया और पांचवें को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध साधनों द्वारा जाम कर दिया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि इस ड्रोन हमले में कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है। ड्रोन हमले के कारण अधिकारियों को मॉस्को के वनुकोवो हवाई अड्डे पर उड़ानों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।

### कश्मीर पर दुनिया का नहीं मिला साथ तो बौखलाए बिलावल भुट्टो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जापान के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी कश्मीर पर दुनिया का साथ नहीं मिलने पर बौखला गए हैं। बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक कश्मीर का विवाद सुलझ नहीं जाता, तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आएगी। उन्होंने इस बात पर हताशा जताई कि दुनिया कश्मीर में भारत के कदम को लेकर चुप्पी साधे हुए है। बिलावल ने यह भी आरोप लगाया कि भारत धार्मिक उन्माद की गिरफ्त में है। बिलावल ने कहा, पाकिस्तान का मानना है कि जब तक जम्मू–कश्मीर विवाद का आपसी संवाद और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों के मुताबिक हल नहीं हो जाता है तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आ सकती है।

### इमरान खान की पेशी से पहले रातोंरात बदले कानून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में रातोंरात बदलाव कर उसे और मजबूत बना दिया है। पाकिस्तान सरकार की ये कदम पूर्व पीएम इमरान खान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि भ्रष्टाचार के एक मामले इमरान खान मंगलवार को शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी के सामने पेश होने वाले हैं। कानून में इस बदलाव के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार ने इस बदलाव को पूर्व सुनयोजित और एक नाटकीय अंदाज में अंजाम दिया है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी इस समय तीर्थयात्रा पर गए हैं और उनकी अनुपस्थिति में सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे हैं। पाकिस्तान सरकार ने इसी का फायदा उठाया है। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को जांच अवधि के दौरान संदिग्ध को गिरफ्तार करने की शक्ति दे दी है।

### इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने तोशाखाना मामले को बताया अमान्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले को अस्वीकार्य घोषित किया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आमिर फारूक ने यह फैसला सुनाया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान की जमानत याचिका पर आज इस्लामाबाद में सुनवाई हो रही है। सत्ताधारी पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने तोशाखाना गिफ्ट मामला चुनाव आयोग के सामने उठाया था। सत्ताधारी पार्टी का कहना था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था।

## एससीओ के मंच पर पीएम मोदी ने घेरा तो तिलमिला उठे शहबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। शंघाई सहयोग संगठन देशों की वर्चुअल शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरने पर शहबाज शरीफ बौखला गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने भारत और मुस्लिमों का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू राजनीतिक अजेंडे का अनुसरण करते हुए धार्मिक अल्पसंख्यकों को गलत बताते हुए उन्हें धमकाना नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद से लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन इसका इस्तेमाल राजनयिक हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।

शहबाज शरीफ ने कहा, आतंकवाद के सभी रूप और तरीकों की इसमें राज्य प्रायोजित आतंकवाद शामिल है, की निश्चित रूप से निंदा की जानी चाहिए। किसी भी तरह से लोगों की हत्या को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन आतंकवाद का इस्तेमाल राजनयिक हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कश्मीरियों का नाम लिए बिना ही आत्मनिर्णय के अधिकार और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर ज्ञान दिया।



## एक दिन यूरोप में कट्टरपंथियों की गिनती मुश्किल हो जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। 27 जून को फ्रांस में 17 साल के अफ्रीकी मूल के लड़के नाहेल की हत्या के बाद से ही देश में हालात तनावपूर्ण हैं। फ्रांस दंगों की आग में झुलस रहा है। वहीं अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल–नाहन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें यूरोप को आने वाली स्थिति के लिए चेतावनी देते हुए सुना जा सकता है। इस वीडियो में अब्दुल्ला नाहन को कहते हुए सुना जा सकता है, एक दिन ऐसा आएगा जब यूरोप में चरमपंथी, आतंकवादी और कट्टरपंथियों की संख्या कल्पना से भी परे होगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि निर्णय लेने की खराब क्षमता, हर समय राजनीतिक तौर पर सही रहने की कोशिश या फिर यह समझना कि वह हमसे ज्यादा मीडिल ईस्ट या फिर इस्लाम को बेहतर समझते हैं। यह कुछ और नहीं बल्कि सिर्फ मूर्खता है।

# अब भारत को भी मिले यूएनएससी की स्थायी सीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। ब्रिटेन ने भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के साथ–साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व को शामिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीटों के विस्तार का आह्वान किया है। उसने रेखांकित किया कि अब समय आ गया है कि शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र निकाय 2020 के दशक में प्रवेश करे।

संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन के स्थायी प्रतिनिधि और जुलाई महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष राजदूत बारबरा वुडवर्ड की टिप्पणियां तब आईं जब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संवाददाताओं को महीने के लिए सुरक्षा परिषद के काम के

### भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान और अफ्रीकी प्रतिनिधित्व को शामिल किया

कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। वुडवर्ड ने पत्रकारों से कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर, हम भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान और अफ्रीकी प्रतिनिधित्व को शामिल करने के लिए परिषद की स्थायी सीटों का विस्तार देखना चाहते हैं। अब समय आ गया है कि परिषद 2020 के दशक में प्रवेश करे। वुडवर्ड ने पिछले सप्ताह ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली की टिप्पणियों का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार को आगे बढ़ाने की ब्रिटेन की महत्वाकांक्षा की घोषणा की थी। वुडवर्ड ने कहा कि जुलाई में ब्रिटेन की सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता उस प्रक्रिया में पहला कदम है। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के लिए स्थायी यूएनएससी सदस्यता के लिए ब्रिटेन के समर्थन के कारण पर एक सवाल का जवाब देते हुए, वुडवर्ड ने कहा, श्जिन चार देशों का हमने समर्थन किया, उनके पीछे हमारी सोच आंशिक रूप से भौगोलिक संतुलन से संबंधित थी। उन्होंने कहा, भारत और ब्राजील को शामिल करने से परिषद में व्यापक भौगोलिक प्रतिनिधित्व आएगा, लेकिन उन देशों को भी इसमें शामिल किया जाएगा जिनका प्रभाव स्पष्ट कारणों से 1945 में मूल सुरक्षा परिषद बनाए जाने के समय की तुलना में अधिक है।

### ईरान से तनाव के बीच हवाई ताकत बढ़ा रहा इजरायल


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल आने वाले दिनों में अमेरिका से 25 एफ–35 विमान खरीदेगा, जिससे उसके स्टील्थ लड़ाकू विमानों के शस्त्रागार में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि एफ–35 दुनिया का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान है और पश्चिम एशिया में इजरायल ही ऐसा देश है जिसके पास ये लड़ाकू विमान हैं। तीन अरब डॉलर के इस सौदे को आगामी महीनों में अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही इजरायल के एफ–35 विमानों का बेड़ा 50 से बढ़कर 75 हो जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, इस सौदे को इजरायल को अमेरिकी सैन्य सहायता के जरिए वित्त पोषित किया जाएगा और विमान के निर्माता लॉकहीड मार्टिन तथा उसके इंजन के निर्माता प्रैट एंड व्हिटनी ने उत्पादन प्रक्रिया में इजरायली कंपनियों को शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, नया समझौता विमान के पुर्जों के उत्पादन में अमेरिकी कंपनियों और इजरायली रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नहरों के मरम्मत के नाम पर हर वर्ष करोड़ों हो रहें हैं खर्च, फिर भी बदहाल

**निर्देश**

## रवांई क्षेत्र में धान रोपाई को नहीं मिल रहा है नहरों से पानी

क्षेत्र की सिंचाई नहरों के रखरखाव व मरम्मत को लेकर विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

पुरोला। जिला अधिकारी अभिषेक रोहिला की मौजूदगी एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख रीता पंवार की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक में क्षेत्र की सिंचाई नहरों की बदहाली का मुद्दा छाया रहा।

ग्राम प्रधान मठ अरविंद पंवार व अंकित रावत समेत तमाम प्रतिनिधियों ने प्रखंड क्षेत्र की तमाम सिंचाई नहरों बदहाली के चलते रवांई क्षेत्र के कास्तकारों की आजीविका का मुख्य धान लाल चावल की रोपाई समय पर न होनें का मुद्दा उठाया साथ ही विभाग पर हर साल नहरों के मरम्मत व रखरखाव के नाम पर लाखों खर्च करने का आरोप लगाया।

जल संस्थान की चर्चा के दौरान प्रधान कंडियाल गांव विजेंद्र पंवार,डेरिका प्रधान प्रवीण कुडियाल ने प्रधानमंत्री की हर घर जल नल योजना के तहत दर्जनों परिवारों कनेक्शन न देने एवं दर्जनों गांवों की योजनाओं में बगैर स्रोतों के लाईन बिछानें व मानक के अनुरूप पाईप दबान न करने का मुद्दा उठाया।

स्वास्थ्य विभाग की चर्चा के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरसी आर्य ने गर्भवती महिलाओं,चच्चा व बच्चा के स्वास्थ्य के लिए समय समय पर टीकाकरण तथा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित सरकारी कार्यक्रमों से अवगत कराया।

प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लंबे समय निर्माण कार्यो की लंबित फाईलों को तत्काल स्वीकृत करनें की मांग की। लोनिवि की चर्चा के दौरान लोकेंद्र कंडियाल व प्रधान प्रवीण कुडियाल व बिजेंद्र पंवार ने डेरिका व सुराणु सेरी व कंडियाल, पुरोला–गुंदियाट मोटर मार्ग व करड़ा धडोली सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया साथ ही क्षेत्र की मुख्य सड़कों के दोनों ओर नाली स्कबर निर्माण का मुद्दा उठाया। सांखाल प्रधान जगदीश लाल ने घरसाड–सांखाल–मटिया लोड तक वर्षो से स्वीकृत सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया गया,जिस पर जिलाधिकारी अभिषेक रोहिला ने लोनिवि तथा पीएमजीएसवाई ईई को सभी मामलों को गंभीरता से लेकर निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में जल निगम व बाल विकास,वन विभाग तथा शिक्षा पीएमजीएसवाई आदि विभागों के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उप प्रमुख सुभाष नेगी,जिला पंचायत सदस्य सरोज रावत,सीडीओ गौरव सिन्हा,एसडीएम देवानंद शर्मा,बीडीओ आरपी जोशी आदि प्रधान,क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत सदस्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग बैठकर विकास कार्यो की समीक्षा

पुरोला। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने गुरुवार को पुरोला में तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभागीय समीक्षा की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी सामंजस्य के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि बुधवार को मोरी बीडीसी एवं सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम गुंदियाट गांव में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से कुछ लिखित शिकायतें व समस्याएं प्राप्त हुई है। जिसका तय समय पर सम्बंधित विभाग निस्तारण करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कोट गांवदृकलाप सड़क मार्ग, सौड़–ओसला मोटर मार्ग डंपिंग जोन धौला—मुसाई पानी तक वन भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

### 11 जुलाई को होगी मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' की बैठक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' से संबंधित बैठक 11 जुलाई (मंगलवार) को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने अवगत कराया कि ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' के अंतर्गत जनपद से अलग–अलग आयु वर्ग में 150–150 बालक–बालिकाओं की अंतिम सूची तैयार की जानी है ताकि योजना के तहत चयनित बालक–बालिकाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' से संबंधित बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11 जुलाई, 2023 को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### विवेकानंद के चार छात्राओं का एसएचई के लिए चयन

**संवाददाता** गरुड़। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ के चार छात्राओं का स्कॉलरशिप ऑफ हायर एजुकेशन(एसएचई) के लिए चयन हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।विद्यालय के इंटरमीडिएट की छात्रा हेमा जोशी, लक्की पांडे, योगिता तुलेरा व वैशाली भट्ट का चयन एसएचई के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने इन छात्राओं को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा प्राप्त चयन का प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि एसएचई उच्च शिक्षा में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विज्ञान की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति है। इसमें प्रतिवर्ष अस्सी हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### टाटा पावर ने ले रोई होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ किया सहयोग

**संवाददाता** नैनीताल। भारत के सबसे बड़े ईवी चार्जिंग समाधान प्रदाताओं में से एक, टाटा पावर ने हरित को बढ़ावा देने के एक सहयोगात्मक प्रयास में, देश के विभिन्न स्थानों पर अपने होटलों में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रसिद्ध ले रोई होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ साझेदारी की है। पर्यटन स्थलों की गतिशीलता और स्थिरता में वृद्धि। 8 स्थानों पर फैले 16 चार्जर स्थापित करके, कंपनी का लक्ष्य देश में स्वच्छ यात्रा की सुविधा प्रदान करते हुए एक टिकाऊ गलियारा बनाना है।

# उपचुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सजग

**संवाददाता** बागेश्वर। आगामी विधानसभा उप निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम स्टॉग रूम, मतगणना, कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु डिग्री कॉलेज परिसर भवनों का जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने निरीक्षण किया। उपचुनाव के लिए प्राचार्य कार्यालय के दो मंजिले में स्टॉग रूम बनाया जायेगा,जबकि वनस्पति व जंतु विज्ञान के व्याख्यान कक्ष में मतगणना के लिए देखा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत उचित बैरीकेटिंग के साथ ही कॉलेज के सभाकक्ष में कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए उपयोग किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग अभियंता को पुख्ता बैरीकेटिंग के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश मौके पर दिए, साथ ही प्राचार्य कक्ष में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेटों व नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए विकास भवन के पास बने ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया, व प्रशिक्षण हेतु उचित व्यवस्थायें करने के निर्देश आरडब्लूडी अभियंता को दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस इमलाल,उपजिलाधिकारी हरगिरि, ग्रामीण निर्माण विभाग अभियंता रमेश चन्द्रा,सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या आदि मौजूद थे।



### 28 सवारियों को लेकर जा रही बस के ब्रेक हुए फेल, टला हादसा

**संवाददाता** चम्पावत। चंपावत में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। 28 सवारियों को लेकर जा रही बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हो गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए घटना स्थल पहुंच गई है। गुरुवार सुबह देहरादून से पिथौरागढ़ जा रही रोडवेज बस का मरोड़ाखान के पास ब्रेक फेल हो गए। हालांकि चालक की सूझ बूझ से बड़ा हादसा टल गया। चालक ने पहाड़ी में बस टकराकर रोक दी। सवार छह यात्री हादसे में घायल हो गए। घायलों का उपजिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# मानव स्वास्थ्य, पशु एवं पर्यावरण पर एक साथ ध्यान देना जरूरी: अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 'विश्व जूनोसिस दिवस'' के मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठियों में पशुजन्य बीमारियों के प्रति जनमानसन में जागरुकता पर जोर दिया गया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने हेल्थ एंड वेलनेस क्षेत्रांतर्गत समुदाय स्तर पर पशुजन्य रोगों से बचाव के बारे में जरूरी जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने कहा कि जूनोसिस एक संक्रामक रोग है जो जानवर से मनुष्य व मनुष्य से जानवर में फैलता है। उन्होंने कहा कि पशु एवं पर्यावरण पर एक साथ ध्यान देना जरूरी है।

**6 जुलाई को मनाया जाता है विश्व जूनोसिस दिवस**

पशुजन्य रोगों के जोखिम व उनसे बचाव के प्रति जनमानस में जागरुकता के मकसद के साथ हर वर्ष 6 जुलाई को विश्व जूनोसिस दिवस मनाया जाता है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने कहा कि इबोला, स्वाइन फ्लू, रैबीज, स्क्रब टाइफस, एन्सेफलाईटिस आदि जूनोटिक रोग है। बताया कि जानवरों व मनुष्य का सीधा संपर्क जैसे पशुओं के लार, रक्त, मल–मूत्र आदि के संपर्क में आना, जानवरों का काटना या उनसे खरांच लगने से जूनोटिक रोग फैल सकते हैं। कहा कि पशुजन्य रोगों से बचाव के लिए मानव स्वास्थ्य इसके अंतर्गत स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, उचित अपशिष्ट प्रबंधन, घरेलू पालतू जानवरों का टीकाकरण, जानवरों के संपर्क में आने के बाद हाथ धोने, जानवरों के काटने व खरोंच से बचने, यदि घर में जानवर है तो उसकी साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने व समय–समय पर जरूरी वैक्सीन लगाने, जानवर को छूने या उसके साथ खेलने के बाद अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने जैसी आदतों को अपने व्यवहार में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। बताया कि सरकारी चिकित्सालय में एंटी रेबीज टीका (एआरवी) निःशुल्क उपलब्ध है।

### सुबह से ही बरस रहे बादल, अलग-अलग जगह पर गिरे पेड़

**संवाददाता** रुड़की। उत्तराखंड में बारिश से हालात खराब हो गए हैं। जहां नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर भूस्खलन से पहाड़ों पर यात्रा करना किसी खतरे से खाली नहीं है। गुरुवार को सुबह से हो रही बारिश के चलते अलग–अलग जगह पर दो पेड़ गिर गए। पेड़ों के गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत है कि किसी को कोई क्षति नहीं हुई। गुरुवार को सुबह से ही बारिश जारी है। लगातार हो रही बारिश की वजह से कई जगह हादसे हुए। रुड़की में दो अलग–अलग जगहों पर विशालकाय पेड़ गिर गए। पेड़ इतने बड़े थे कि ये एक बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत यह रही कि पेड़ की चपेट में कोई नहीं आया। दमकल विभाग की टीम ने पेड़ को हटाकर यातायात सुचारू कराया। गुरुवार को सुबह से बारिश हो रही है। जिसके चलते आफनगर झाल के पास कावड़ पट्टी मार्ग पर एक पेड़ सड़क पर गिर गया। इस दौरान कुछ देर तक यातायात बाधित रहा।



*इस कलयुग में रूपया चाहे कितना भी गिर जाए, इतना कभी नहीं गिर पायेगा, जितना रूपये के लिए इंसान गिर चूका है। -अज्ञात।*


विचार-प्रवाह

देहरादून, शुक्रवार, 7 जुलाई 2023

पेज थ्री

www.page3news.in


# भारतीय समुदाय की उपलब्धियां असाधारण

**कमला हैरिस, सत्या नडेला, सुंदर पिचाई जैसे चमकते हुए नाम इसका एक आकर्षक रूप जरूर हैं, लेकिन इसके साथ यह तथ्य भी है कि ये महज अपवाद नहीं। एक समुदाय के रूप में भी भारतीय समुदाय की उपलब्धियां असाधारण और गौरवपूर्ण हैं।**

आरती शाह।।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा जिस भव्य और आत्मीय स्वागत–सत्कार के बीच संपन्न हुआ, वह कोई सामान्य बात नहीं है। इस राजकीय यात्रा की कामयाबी के पीछे वे अहम समझौते तो हैं ही जो रक्षा और अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाते हुए दोनों देशों को और करीब लाने वाले हैं, प्यार और सम्मान का वह माहौल भी है जिसने इसे संभव बनाया और जो इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी के हर कार्यक्रम में हर मौके पर दिखा, चाहे वह राष्ट्रपति जो बाइडन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडन के दिए डिनर की बात हो या अमेरिकी कांग्रेस में मोदी के भाषण की।

इस सम्मान के पीछे भारत की अपनी ताकत, उसकी बढ़ती इकॉनमी तो है ही, लेकिन खास तौर पर इसका श्रेय जाता है उन भारतवंशियों को जो वहां रहते हुए, न केवल खुद तरक्की कर रहे हैं बल्कि अमेरिका को भी आगे बढ़ा रहे हैं और इस क्रम में वहां अपने लिए एक प्रतिष्ठापूर्ण स्थान बना चुके हैं। अमेरिका में भारतवंशी समुदाय का ऊंचा स्थान अलग–अलग तरीकों से और अलग–अलग रूपों में झलकता है। कमला हैरिस, सत्या नडेला, सुंदर पिचाई जैसे चमकते हुए नाम इसका एक आकर्षक रूप जरूर हैं, लेकिन इसके साथ यह तथ्य भी है कि ये महज अपवाद नहीं। एक समुदाय के रूप में भी भारतीय समुदाय की उपलब्धियां असाधारण और गौरवपूर्ण हैं।



यह जाहिर होता है ठोस आंकड़ों से। सबसे पहले बात की जाए अमेरिका की ओर से जारी किए जाने वाले एच–1बी वीजा की। यह उन लोगों को ही जारी किया जाता है जिनके बारे में अमेरिका मानता है कि ये बेहतरीन दिमाग वाले लोग हैं और अमेरिकी इकॉनमी को रफ्तार दे सकते हैं। 2022 का आंकड़ा है कि अमेरिका ने जितने एच–1बी वीजा जारी किए उनमें से 73 फीसदी भारत में जन्म लेने वाले लोगों को मिले। अभी जो 33 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे हैं, उनमें से 10 लाख इंजीनियर और साइंटिस्ट हैं। चाहे बात पढ़ाई की हो या कमाई की, दोनों मामलों में अमेरिका के इंडियंस बाकी सबसे आगे हैं। वहां 80 फीसदी भारतवंशियों के पास अंडरग्रैजुएट डिग्री है और महज 22 फीसदी ही ऐसे हैं जिन्हें अंग्रेजी समझने में दिक्कत होती है। इस मुकाबले चीनी समुदाय की बात करें तो उनमें 57 फीसदी को अंग्रेजी समझ में नहीं आती।

कमाई की जहां तक बात है तो भारतवंशियों की औसत पारिवारिक आमदनी डेढ़ लाख डॉलर सालाना है जो अमेरिका में फैमिली इनकम के नैशनल ऐवरेज से दोगुना है। इसके मुकाबले चीनी मूल के अमेरिकियों की औसत पारिवारिक आमदनी 95 हजार डॉलर सालाना ही है। जाहिर है, संख्याबल के साथ–साथ अपनी योग्यता और कर्मठता के दम पर भारतवंशियों ने वहां ऐसी जगह बनाई है कि कोई भी उनकी उपलब्धियों को अनदेखा नहीं कर सकता। इसका फायदा खुद उन्हें तो मिल ही रहा है, उनके मूल देश भारत को भी मिल रहा है और यह आगे भी मिलता रहने वाला है।

## पेड़ को मुक्ति

**अशोक वोहरा।**





पीपल के पेड़ को धर्मशास्त्रों में सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। इस एक पेड़ को मुक्ति के लाखों, करोड़ों उपायों के समकक्ष निरूपित किया है। गीता में भी श्रीकृष्ण ने पीपल को श्रेष्ठ कहा है। भविष्य पुराण में ऐसे कई पेड़ों का उल्लेख है जो पापनाशक माने गए हैं। वृक्षायुर्वेद में पेड़ों के औषधीय महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी है। वनस्पति जगत में पीपल ही एकमात्र ऐसा वृक्ष है जिसमें कीड़े नहीं लगते हैं। यह वृक्ष सर्वाधिक ऑक्सीजन छोड़ता है जिसे आज विज्ञान ने स्वीकार किया है। भगवान बुद्ध को जिस वृक्ष के नीचे तपस्या करने के बाद ज्ञान प्राप्त हुआ था, वह पीपल का पेड़ ही है और श्रीमद् भागवत गीता के दसवें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि वृक्षों में श्रेष्ठ पीपल है।

# संपादकीय

## पब्लिक की सोचिए

रेल हादसों की बहस में भारतीय रेल की सामाजिक उपस्थिति की चर्चा कम ही होती है। मरने और घायल होने वाले महज एक संख्या में तब्दील कर दिए जाते हैं। रेल गाड़ियों के टकरा जाने की घटनाओं को रोकने के लिए टकराव प्रतिरोध यंत्रों को लगाने की शुरुआत 2011 मे ही हो गई थी। इसे कोंकण रेलवे के इंजीनियरों ने विकसित किया था। इसे तब रक्षा कवच का नाम दिया गया था। इसे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना बनी थी, जो मोदी सरकार के कार्यकाल में कवच नाम से चल रही है। इसे हर रेल नेटवर्क पर लगाने की योजना है। लेकिन काम इतनी धीमी गति से हो रहा है कि इसमें सालों लग जाएंगे। इस पर बहुत मामूली रकम खर्च की जाती है। बालासोर रेल हादसे के समय भी यही सवाल किया गया कि क्या इस रूट पर कवच है? रेल मंत्री ने पहले ही बता दिया कि यहां कवच नहीं है। रेल विभाग ने सामान्य भारतीयों के जीवन को कितना समृद्ध किया है, इसका अंदाजा साहित्य और फिल्मों पर नजर डालने से होता है। लेकिन रेलवे की मौजूदा नीतियों में गति और चकाचौंध को ही महत्वपूर्ण बना दिया गया है। इसे सामान्य लोगों की पहुंच के भीतर रखने और सुरक्षित बनाने पर जोर देना होगा।

उन्होंने दुर्घटनास्थल के दौरे के समय ही घोषणा कर दी थी कि दोषी को कड़ी सजा दी जाएगी। इसका अर्थ है कि सरकार इसे तकनीकी या सिस्टम की नाकामी मानने के बदले इंसानी गलती मान कर चल रही है।

# हादसा या साजिश

अनिल सिन्हा।।

इन दिनों टीवी कवरेज और सोशल मीडिया दुख को ढंकने के काम आता है। दुख को एंटरटेनमेंट में बदल दिए जाने से यह बहस कमजोर पड़ जाती है कि बालासोर जैसी दुर्घटनाएं क्या एक दो व्यक्तियों की गलती से होती हैं? क्या यह किसी का व्यक्तिगत अपराध है? क्या यह क्राइम जानबूझ कर किया गया? ये सवाल और भी गंभीर हो गए हैं क्योंकि रेलवे बोर्ड ने सीबीआई जांच की सिफारिश की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर सीबीआई जांच का विरोध किया है। उनके मुताबिक सीबीआई का काम अपराधों की जांच करना है, रेल हादसों की जांच करना नहीं। इसके लिए जरूरी टेक्नॉलजिकल नॉलेज भी सीबीआई के पास नहीं है। लेकिन हादसे को लेकर सरकार का रवैया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान से ही स्पष्ट हो गया था। उन्होंने दुर्घटनास्थल के दौरे के समय ही घोषणा कर दी थी कि दोषी को कड़ी सजा दी जाएगी। इसका अर्थ है कि सरकार इसे तकनीकी या सिस्टम की नाकामी मानने के बदले इंसानी गलती मान कर चल रही है।

सरकारी रवैये के संदर्भ में एक और बड़ी दुर्घटना की चर्चा जरूरी है। यह 2016 में कानपुर में हुई थी और इसमें 150 लोग मारे गए थे। इसकी जांच भी एनआईए को सौंप दी गई थी क्योंकि प्रधानमंत्री को इसके पीछे किसी साजिश का शक था। लेकिन 2018 में एनआईए ने इसकी फाइल बंद कर दी और चार्जशीट दायर करने से इनकार कर दिया। बात छोटी सी लगती है, लेकिन उन लोगों के नजरिए से देखें जिनके परिजनों ने जान गंवाई है तो लगेगा कि उन्हें न्याय नहीं मिला। मुआवजा देने से भर से न्याय नहीं मिल जाता। यहां भी मुआवजे की घोषणा के बाद रकम पाने के लिए परिजनों को जिस जद्दोजहद से गुजरना पड़ता है, वह उनकी तकलीफ को कितना बढ़ा देता है, वह एक अलग मसला है।



निश्चित तौर पर व्यक्ति या व्यक्तियों को दोषी मान लेने के पीछे यह सरकारी मानसिकता काम कर रही है कि रेल की सुरक्षा–व्यवस्था में कोई दोष नहीं है। अगर इसे आंकड़ों और रिपोर्टो की नजर से देखें तो साफ हो जाता है कि सुरक्षा तंत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। देश में होने वाले खर्चों पर नजर रखने वाली सर्वोच्च संस्था सीएजी (कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल) ने ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाओं पर एक रिपोर्ट छह महीने पहले ही संसद को सौंपी थी। इसमें उसने अप्रैल 2017 से मार्च 2021 के चार सालों की अवधि में हुई दुर्घटनाओं की जांच की है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि रेलवे के सभी 16 जोनों को मिलाकर इन दुर्घटनाओं की संख्या 1129 थीं। इसमें मालगाड़ियां और पैसेंजर दोनों तरह की गाड़ियां शामिल हैं। इन 1129 हादसों में सबसे ज्यादा यानी 422 गाड़ियों के पटरी से उतरने की वजह तकनीकी खराबी थी। इनमें 171 हादसे ऐसे थे, जिनमें पटरियों के रखरखाव की कमी दुर्घटना का कारण बनी। करीब चार सौ मामलों में खराब डिब्बों और खराब पहिए दुर्घटना की वजह बने हैं। 154 मामलों में गाड़ी अधिक तेज गति से दौड़ाने के कारण पटरी से उतरी।

### सूडोकु बवाल-5409

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु बवाल -5408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## अपना ब्लॉग

### कर्मचारियों की गलती ही असली वजह

**मोहन।** कैग की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इन घटनाओं में से करीब आधे मामलों की जांच के बाद जो रिपोर्ट दी गई, उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। 275 मामले ऑपरेटिंग विभाग यानी गाड़ी चलाने के काम में लगे विभाग की लापरवाही के कारण हुए हैं। इसका मतलब है कि लोकोपायलट और दूसरे कर्मचारियों की वजह से गाड़ी पटरी से उतरी। इन दोनों तरह की दुर्घटनाओं के पीछे कर्मचारियों की गलती ही असली वजह है। गाड़ी पटरी से उतरने की एक प्रमुख वजह पटरियों की खराब हालत रही है। इसे अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय रेल मंत्री रहे नीतीश कुमार ने पहचाना था और इसके लिए एक विशेष सुरक्षा फंड बनाया था। इसके तहत बड़े पैमाने पर पुरानी और जर्जर पटरियों की जगह नई पटरियां लगाने का काम किया गया। इसे मोदी सरकार ने राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष के नए नाम से फिर से चलाया। लेकिन 2018 में इस पर किए गए 9607 करोड़ रुपये के खर्च में दो साल बाद दो हजार करोड़ रुपये की कटौती कर दी गई।






## अब बस दोस्ती–यारी के लिए सलमान खान नहीं बनाएंगे फिल्म

सलमान खान की फिल्म शकिसी का भाई किसी की जानश बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। ढेर सारे सितारों से सजी ये फिल्म पिट गई और ऐसा लगने लगा कि सलमान न किसी के भाई रहे और न ही किसी की जान। इस फिल्म में नॉनसेन्स कास्टिंग को लेकर सलमान ने बॉक्स ऑफिस पर वही फजीहत झेली जिसकी उम्मीद लोगों ने की थी। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि सलमान खान केवल अपने गुडविल जेस्चर की वजह से अपनी फिल्मों में सितारों को ओवरलोड कर लेने वाले तरीके को बदलना चाहते हैं। अब खबर है सलमान अपने लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे हैं और कहा जा रहा है कि उन्होंने एक बार फिर से संजय लीला भंसाली को स्मर्क किया है। एंटरटेनमेंट वेबसाइट ाचपउवप ने अपने सलमान के करीबी फ्रेंड के हवाले से अपनी एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में बताया है कि सलमान इस वक्त अपने लिए अच्छी स्क्रिप्ट ढूंढ रहे हैं और अच्छी स्क्रिप्ट का मतलब एक्शन से भरी और ड्रामा से भरपूर नहीं बल्कि कुछ ऐसा जिसे सलमान खान ने अब तक नहीं किया हो। सलमान खान का ये दोस्त उनके साथ उनके हर अच्छे–बुरे पल में साथ रहा है।

## बियॉन्से के कॉन्सर्ट में भीड़ में खड़ी दिखीं नोरा फतेही

नोरा फतेही ने बियॉन्से के कॉन्सर्ट में पहुंचीं और इसका मजेदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जो नोरा खुद स्टेज पर होती हैं तो उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो जाती है, वो कैसे बियॉन्से के लिए भीड़ में खड़ी होकर चीख–चिल्ला रही हैं। फेमस हॉलीवुड सिंगर बियॉन्से इस वक्त जैम त्मदंपेंदबमश वर्ल्ड टूर पर हैं। नोरा फतेही बियॉन्से की बहुत बड़ी फैन हैं। नोरा अपने दोस्त और हेयर स्टाइलिस्ट मार्से पेड्रोजो के साथ इस इवेंट में पहुंचीं। नोर बियॉन्से के इस कॉन्सर्ट को लेकर कितना एक्साइटेड थीं, इसका नजारा भी उन्होंने खुद दिखाया है। बियॉन्से से अधिका नोरा का ये फैन मोमेंट वीडियो सबका दिल जीत रहा है। नोरा इस वीडियो में बियॉन्से के कॉन्सर्ट के बाहर से अंदर जाती दिख रही हैं। इस कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए जो उनके अंदर खुशी है वो साफ उनके चेहरे पर दिख रही है। नोरा ने इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्हें अपना आइडल बताया है। नोरा ने बियॉन्से के लिए लंबा–चौड़ा पोस्ट किया है। वीडियो में नोरा की आंखों से खुशी के आंसू बहते दिख रहे हैं।

## इस हाल में तिरुपति मंदिर पहुंचे धनुष, मुंडवा लिए लंबे बाल और हटा दी दाढ़ी!



साउथ एक्टर धनुष ने जब कोलावरी डी गाना गाया था, तभी वो हिंदी बेल्ट के दर्शकों के दिलों में बस गए थे। इसके ठीक एक साल बाद उन्होंने साल 2013 में शरांझणाश मूवी से बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी सादगी भरी एक्टिंग से सभी को इंप्रेस कर दिया। उन्होंने हाल ही में एक और हिंदी फिल्म की अनाउंसमेंट की है, वो भी आनंद एल राय के साथ ही। फैंस इसे शरांझणा 2श बता रहे हैं। खैर। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि धनुष को तिरुपति बालाजी मंदिर के पास देखा गया, जहां उनके हुलिये ने सभी को हैरान–परेशान कर दिया है। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। धनुष के नए लुक को देखने के बाद हर तरफ उनकी ही चर्चा हो रही है। वो आंध्र प्रदेश में अपनी पूरी फैमिली के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। उन्हें देखकर फैंस शॉक्ड हो गई, क्योंकि वो क्लीन शेव हेड यानी सिर मुंडवाए नजर आए। फैंस कयास लगा रहे हैं कि ये उनकी अपकमिंग मूवी D50 के लिए उनका लुक है, वहीं कुछ का कहना है कि पारंपरिक रस्म के अनुसार उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर को प्रसाद के रूप में बाल चढ़ाने के लिए ऐसा कदम उठाया है।

# अजय देवगन ने मुंबई में खरीदी 45 करोड़ रुपये में नई प्रॉपटी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने साल 2021 में मुंबई में जुहू इलाके में 47.5 करोड़ रुपये का एक आलीशान बंगला खरीदा था। अब करीब दो साल बाद उन्होंने 45.09 करोड़ रुपये में पांच ऑफिस यूनिट खरीदा है। डेटा एनलिस्ट फर्म सीआरई मेट्रिक्स के मुताबिक, अजय देवगन ने यह नया इन्वेस्टमेंट अंधेरी वेस्ट इलाके में किया है। इन पांचों ऑफिस यूनिट का कुल क्षेत्रफल 13,293 स्क्वायर फीट है।*

**1.82 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी अदा की**

अजय देवगन की यह नई प्रॉपर्टी ओशिवारा में स्थित सिग्नेचर बिल्डिंग में है, जो वीर देसाई रोड से सटा हुआ है। एक्टर ने वीर सावरकर प्रोजेक्ट नाम के सेलर से यह प्रॉपर्टी खरीदी है। इन पांच ऑफिस यूनिट में से तीन यूनिट सिग्नेचर बिल्डिंग के 16वें फ्लोर पर है, जो 8,405 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। इसकी कीमत 30.35 करोड़ रुपये बताई जा रही है और इसके लिए अजय देवगन ने 1.82 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी अदा की है।

**19 अप्रैल को करवाई है अजय देवगन ने रजिस्ट्री**

इसी बिल्डिंग के 17वें फ्लोर पर अजय देवगन ने दो और ऑफिस यूनिट खरीदी है, जो 4,893 स्क्वायर फीट में फैला हुआ



है। इसकी कीमत 14.74 करोड़ रुपये है और एक्टर ने इसके लिए 88.44 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई है। कागजात के मुताबिक, अजय देवगन ने 19 अप्रैल 2023 को इसकी रजिस्ट्री करवाई है।

**विशाल वीरेंद्र देवगन के नाम है प्रॉपर्टी**

रजिस्ट्री ऑफिस के कागजात में ये पांचों ऑफिस यूनिट विशाल वीरेंद्र देवगन के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। विशाल वीरेंद्र देवगन ही अजय देवगन का असली नाम है। वह बड़े पर्दे पर अजय के नाम से पहचाने जाते हैं।

**काजोल ने भी अप्रैल में खरीदा आलीशान अपार्टमेंट**

अभी कुछ दिनों पहले ही, अजय देवगन की पत्नी और एक्ट्रेस काजोल ने भी मुंबई में 16.5 करोड़ रुपये में एक अपार्टमेंट खरीदा है। यह अपार्टमेंट 2,493 स्क्वायर फीटक का है और इसके साथ चार कार पार्किंग है। काजोल ने भी यह प्रॉपर्टी अप्रैल महीने में ही भारत रियलिटी वेंचर्स से खरीदी है। इसकी रजिस्ट्री 13 अप्रैल 2023 को करवाई गई है।

**2021 में खरीदा था बंगला, अभी चल रहा है रेनोवेशन**

इससे पहले 2021 में अजय देवगन ने 474.4 स्क्वायर मीटर का एक आलीशान बंगला जुहू इलाके में खरीदा था। अभी इस घर को रेनोवेट करने का काम किया जा रहा है। इस बंगले के लिए अजय देवगन ने 47.50 करोड़ रुपये खर्च किया। इसके लिए उन्होंने 18.75 करोड़ रुपये का बैंक लोन भी लिया है। यह प्रॉपर्टी कपोले कॉपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का हिस्सा है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर नंगे पांव नजर आई राखी सावंत



*राखी सावंत अब कुछ ऐसा करने चली हैं, जो आज तक सलमान खान के करीबी भी नहीं कर पाए। राखी ने घोषणा की है कि वह तब तक नंगे पांव रहेंगी और चप्पल नहीं पहनेंगी, जब तक सलमान शादी नहीं कर लेंगे। राखी ने सलमान से कहा कि वह शादी करें और देश को बच्चे दें।*

चर्चाओं में कैसे रहना है, लाइमलाइट कैसे बटोरनी है? यह कोई राखी सावंत से सीखे। शायद ही कोई दिन बीतता होगा, जब राखी सावंत कोई धमाल नहीं करती हैं। इस बार उनका धमाका सलमान खान को लेकर हुआ है। राखी सावंत ने सलमान की शादी को लेकर मन्नत मांग ली है। उन्होंने घोषणा कि है कि जब तक सलमान खान शादी नहीं करेंगी, तब तक वह नंगे पांव रखेंगी और चप्पल नहीं पहनेंगी। राखी सावंत हाल ही दुबई से लौटीं और उन्हें पपाराजी ने मुंबई एयरपोर्ट पर घेर लिया। यहां राखी सावंत ने पपाराजी को बताया, मैं श्री लंका और दुबई से चप्पलों के बिना लौटी हूं। सलमान खान की शादी हो जाए, तबतक मैं चप्पल नहीं पहनूंगी। मेरे भाई हैं वो।

**किस लड़की से शादी करेंगे सलमान खान?**

पपाराजी ने जब राखी सावंत से पूछा कि सलमान खान किस लड़की से शादी कर सकते हैं? वह कौन लड़की होगी? तो राखी सावंत बोलीं, भाई ने खुद देखी है। इसके बाद राखी ने सलमान से कहा, सलमान भाई शादी करो। मेरे पैर छिल गए। बच्चे दो। हमारे देश को बच्चे दो।

**सलमान के करीब राखी, एक्टर ने की थी मां की मदद**

मालूम हो कि राखी, सलमान खान और उनके परिवार के काफी करीब हैं। राखी की मां का जब कैंसर का इलाज चल रहा था तो सलमान ने उनकी काफी मदद की थी। इसके अलावा राखी सावंत, सलमान के शो बिग बॉस के भी कुछ सीजन में नजर आईं। सलमान खान तो कह चुके हैं कि वह शादी नहीं करेंगे। उनकी शादी की उम्र निकल चुकी है। लेकिन हां, वह पिता जरूर बनना चाहते थे। अब देखना यह होगा कि सलमान, राखी की यह इच्छा पूरी करेंगे या फिर राखी अपनी यह मन्नत तोड़ देंगी?

# दिमाग को चुपचाप सिकोड़ रहे हैं ये काम



*हमारे क्लाइमेट में तेजी से बदलाव आ रहा है और ये दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इंसानों के दिमाग का साइज करीब 10 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। हमारे रोजमर्रा के 3 काम भी दिमाग को ठप कर सकते हैं।*

न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी के मुताबिक, अनहेल्दी डाइट, अत्यधिक मीठा और एक्सरसाइज न करने पर दिमाग की ताकत कम होती रहती है। इसका सबसे पहला लक्षण याददाश्त कमजोर होना है। आप इस समस्या को 6 जड़ी–बूटियों से ठीक कर सकते हैं। आइए ब्रेन के लिए लाभदायक इन हर्बल टॉनिक के बारे में जानते हैं।

**करक्यूमिन**
दिमाग तेज करने के लिए हल्दी जरूर खाएं। इसमें करक्यूमिन होता है। यह कंपाउंड अल्जाइमर की बीमारी को रोकता है और याददाश्त मजबूत करने में मदद करता है। आप इसे खाने के अंदर या हर्बल चाय बनाकर ले सकते हैं।

**ब्राह्मी**
ब्राह्मी एक आयुर्वेदिक जड़ी–बूटी है, जिसे कई सारे ब्रेन टॉनिक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करती है। बच्चों का दिमाग शार्प करने के लिए भी इसका सेवन करवाया जा सकता है।

**गिंको बाइलोबा**
दुनियाभर में ब्रेन फंक्शन बढ़ाने के लिए गिंको बाइलोबा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें काफी सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो उम्र बढ़ने के बावजूद दिमाग को जवान रखते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ाती है, जिससे न्यूरल फंक्शन में सुधार आता है।

**रोजमेरी**
रोजमेरी से मेमोरी पावर बढ़ाकर अलर्टनेस सुधारी जा सकती है। यह जड़ी–बूटी बमजलसबीवसपदम टूटने से बचाती है। यह ब्रेन केमिकल कॉग्नीटिव फंक्शन, फोकस और अलर्टनेस बढ़ाने के लिए जरूरी होता है।

**लेसिथिन**
यह कंपाउंड सोयाबीन और अंडे के पीले भाग में मिलता है। यह कई सारे फैट्स का मिक्सचर होता है। सेल्स को सही तरह से कामकाज करने के लिए इसकी जरूरत होती है। यह दिमाग में बमजलसबीवसपदम बनाने में भी मदद करता है।

**शंखपुष्पी और अश्वगंधा**
न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने ब्रेन हेल्थ के लिए शंखपुष्पी और अश्वगंधा को फायदेमंद बताया है। आप इन हर्बल ब्रेन टॉनिक का उपयोग करके याददाश्त बढ़ा सकते हैं। ये दोनों हर्ब्स दिमाग की ताकत कम होने से बचाती हैं।



## डायबिटीज का नया खतरनाक लक्षण आया सामने

डायबिटीज एक मेटाबॉलिक सिंड्रोम है, जो धीरे–धीरे शरीर को कमजोर बनाने लगता है। यह एक लाइलाज बीमारी है, जिसका पता काफी बाद में चलता है। क्योंकि, इसके कारण होने वाली समस्याएं इतनी आम होती हैं कि लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अब इंटरनेट पर डायबिटीज का नया लक्षण और ट्रेंड कर रहा है। डायबिटीज का यह नया संकेत काफी खतरनाक है और कई बार सबसे पहला लक्षण भी हो सकता है। यूं तो ये लक्षण वैज्ञानिक–डॉक्टरों ने काफी पहले खोज लिया था। लेकिन आम जनता को इस बारे में जानकारी नहीं थी, जिस वजह से इसे नया माना जा रहा है। इसे डायबिटिक कीटोएसिडोसिस कहते हैं। इंसुलिन हॉर्मोन शरीर में ब्लड शुगर कंट्रोल करता है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक, डायबिटिक कीटोएसिडोसिस एक खतरनाक स्थिति है, जो जानलेवा हो सकती है। इसमें इंसुलिन बहुत कम हो जाता है और शरीर में कीटोन्स बनने लगते हैं। यह कीटोन्स शरीर के लिए जहरीले होते हैं। इस स्थिति के काफी सारे संकेतों के बारे में लोग पहले से जानते हैं। लेकिन एक लक्षण ऐसा है, जिसे इग्नोर कर दिया जाता है। इसमें मुंह से बदबू आने लगती है।

# प्लेटलेट्स खत्म होने से काफी पहले दिख जाते हैं लक्षण



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*मानसून में इम्युनिटी बहुत ज्यादा कमजोर पड़ जाती है। जिसकी वजह से सीजनल बुखार, खांसी–जुकाम हो सकता है। इस मौसम में डेंगू का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। जिसमें प्लेटलेट्स गिरने से मरीज की जान भी जा सकती है। इसके शुरुआती लक्षण आम बुखार से बिल्कुल अलग होते हैं। जिन्हें नजरअंदाज करने पर प्लेटलेट्स कम होने की नौबत आ सकती है। हैदराबाद के केयर हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन की कंसल्टेंट ने बताया कि डेंगू का मच्छर काटने के 4 से 7 दिन के भीतर लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण हर व्यक्ति में अलग–अलग हो सकते हैं और डेंगू वायरस से संक्रमित सभी व्यक्तियों को लक्षणों का एक ही सेट अनुभव नहीं होता। अगर आपको डेंगू की बीमारी का शक है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।*

**101 से ज्यादा बुखार**
डॉक्टर ने कहा कि डेंगू में 4 से 7 दिन के अंदर तेज बुखार शुरू हो जाता है। इसमें मरीज का बॉडी टेंप्रेचर 101 से लेकर 104 डिग्री फारेनहाइट तक हो सकता है। यह सबसे पहला और मुख्य संकेत है, जो 2 से 7 दिन तक लगातार परेशान कर सकता है।

**भयंकर सिरदर्द**
डेंगू इंफेक्शन के कारण मरीज को गंभीर सिरदर्द हो सकता है। ये दर्द अक्सर तेज और भयंकर होता है। यह समस्या आपको आंखों के पीछे या कनपटी के पास हो सकती है।



**मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द**
डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि यह मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों में भयंकर दर्द करता है। इसकी वजह से मरीज को बेचैनी रहती है और आराम नहीं मिल पाता।

**थकान और कमजोरी**
थकान, एनर्जी की कमी और कमजोरी महसूस करना डेंगू बुखार का एक खास लक्षण है। इसी कारण डेंगू के बुखार की वजह से मरीज बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं कर पाता।

**आंखों का दर्द**
बुखार के साथ आंखों का दर्द भी परेशान कर सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, ये दर्द आंख हिलाने पर ज्यादा तकलीफ देता है और व्यक्ति को देखने में भी पीड़ा होती है।

**शरीर पर दाने**
बुखार शुरू होने के लगभग 2 से 5 दिन बाद शरीर पर दाने आने लगते हैं। जो कि आमतौर पर शरीर के धड़ पर शुरू होते हैं और फिर दूसरे अंगों या कभी–कभी चेहरे तक फैल जाते हैं। ये रैशेज स्किन पर लाल या गुलाबी धब्बे या पैच के रूप में दिखाई दे सकते हैं और इनमें खुजली भी हो सकती है।

**हल्की ब्लीडिंग के निशान**
डेंगू के कुछ मामलों में स्किन के नीचे हल्की ब्लीडिंग हो सकती है। इसके कारण शरीर पर छोटे लाल या बैंगनी धब्बे बनने लगते हैं, जिन्हें पेटीचिया कहा जाता है। आपके मसूड़े या नाक से भी खून बहने लगता है। डॉक्टर ने इस लक्षण को दुर्लभ बताया है, लेकिन इससे मरीज को सतर्क रहने की जरूरत होती है।

## अच्छा रिश्ता आने के बावजूद बेटी शादी से करे मना तो न कहें भूल से भी ये बात

एक मध्यम वर्ग के परिवार में बेटी के 23–24 साल के होने पर शादी की बातें शुरू हो जाती हैं। रिश्तेदारों में यह बात आग की तरह फैल जाती है, कि फलाना की बेटी सयानी हो गई है उसकी शादी के लिए लड़का देखना है। यदि लड़की खुद भी इस चीज के लिए राजी है, तब तो कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन यदि लड़की अपने करियर बनाने और सपनों को पूरा करने में व्यस्त हो और शादी का ख्याल अभी तक उसके मन में न आया हो तो बहुत परेशानी हो जाती है। क्योंकि ऐसे में उसे रोज शादी के प्रेशर से गुजरना पड़ता है। कभी पेरेंट्स प्यार से समझाते हैं, कभी गुस्से से तो कभी इमोशनल होकर उससे हां बुलवाने की कोशिश करते हैं। जब माता–पिता अपनी बेटियों पर इसेटलश होने का दबाव डालते हैं, तो वे बहुत सारी तार्किक और अतार्किक बातें भी कहते हैं, जिसका असर कहीं न कहीं लड़कियों पर लंबे समय तक रह जाता है।

## अखरोट से ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी से भी बचा जा सकता है



कैल्शियम हमारी हड्डियों के लिए बहुत जरूरी है। इस मिनरल की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है, जिसमें हड्डियां टूटने का खतरा बढ़ जाता है। बोन्स के अलावा यह खून, मांसपेशी और टिश्यूज के भी काम आता है। इसलिए बच्चों को कैल्शियम की गोली अलग से खिलाई जाती है ताकि इसकी डेफिशिएंसी टाली जा सके। दूध–पनीर जैसे कैल्शियम फूड नहीं खाने पर इसका लेवल कम होने लगता है। मगर कुछ चीजें खाने से भी हमारी हड्डियों से कैल्शियम अलग होने लगता है। साइंस डायरेक्ट पर छपी स्टडी में देखा गया है कि ज्यादा नमकीन फूड खाने से शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है। जिसे पूरा करने के लिए हड्डियों का कैल्शियम इस्तेमाल किया जाता है। अगर आपकी हड्डियों में दर्द रहता है या फिर आप ज्यादा नमक का सेवन करते हैं तो बादाम जरूर खाएं। इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुसार, 30 ग्राम बादाम के अंदर 75 एमजी कैल्शियम होता है। अखरोट खाने से दिमाग तेज करने के साथ ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी से भी बचा जा सकता है। इसमें हड्डियों की ताकत खत्म हो जाती है और टूटने का खतरा हो जाता है। 30 ग्राम अखरोट में 28 एमजी कैल्शियम होता है। हेजलनट्स आपकी हड्डियों को काफी ताकतवर बना सकते हैं।



ऑस्ट्रेलियाई पीएम का आया जवाब

दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी इस विवाद में शामिल हो गए। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के साथ खड़ी है। अल्बनीज ने कहा, मुझे पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों पर गर्व है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती दो एशेज मैच जीते हैं।

## इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया के पीएम के बीच भी जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के अंतिम दिन जॉनी बेयरस्टो के विवादास्पद तरीके से आउट होने से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तनाव बढ़ गया है। एशेज 2023 सीरीज का पहले से ही बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल और भी खराब हो गया है। बेयरस्टो के आउट होने पर दोनों कप्तान पहले ही अपना-अपना विरोध साझा कर चुके हैं। स्टोक्स ने स्पष्ट किया कि वो इस तरीके से गेम जीतना नहीं चाहेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि जॉनी बेयरस्टो के आउट होने का तरीका खेल की भावना के अनुरूप नहीं था। साथ ही उन्होंने बेन स्टोक्स के खेल भावना वाले बयान का भी सपोर्ट किया। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, यह पूरी तरह से निष्पक्ष खेल था। नियम यही है। इससे पहले इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा था कि वह सोच भी नहीं सकते कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के साथ बीयर पीएंगे। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने पलटवार करते हुए टिप्पणियों को निराशाजनक बताया।

# वर्ल्डकप के बाद होगा रोहित कोहली के भविष्य पर फैसला

क्रिकेट

## नए प्रमुख सेलेक्टर बदल सकते है भारतीय टीम की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विश्व कप 2023 से तय होगा कोहली- रोहित का भविष्य। क्रिकेट के महाकुंभ यानी विश्व कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होगा, जिसका फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट भारतीय टीम के कई खिलाड़ियों के लिए काफी अहम होने वाला है, ऐसा इसलिए क्योंकि इस इवेंट से कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे स्टार प्लेयर्स का भविष्य साफ होगा। हाल ही में इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि चीफ सेलेक्टर का काम खिलाड़ियों से उनकी भविष्य की योजनाओं पर बात करना भी होता है।

बता दें कि इस वक्त बीसीसीआई के नए चीफ सेलेक्टर की रेस में अजीत अगरकर का नाम सबसे आगे है। ऐसे में अगर अजीत को चेतन शर्मा की जगह सेलेक्टर बनाया जाता है तो ये कहना गलत नहीं की कई सीनियर खिलाड़ियों का करियर खतरे में नजर आ सकता है।



दरअसल, विश्व कप 2023 में भारतीय टीम अपना अभियान 8 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। इस साल भारत की मेजबानी में ये टूर्नामेंट खेला जाना है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पर सभी की निगाहें रहने वाली है। जहां विराट कोहली अपनी पुरानी फॉर्म में लौट चुके है तो रोहित शर्मा आउट ऑफ फॉर्म में चल रहे है। ऐसे में विश्व कप में उन्हें अपनी फॉर्म में वापस आने की काफी जरूरत है, सिर्फ टूर्नामेंट जीतने के लिए नहीं, बल्कि अपने करियर को बचाने के लिए भी हिटमैन को अच्छी फॉर्म की जरूरत होगी। कोहली 34 साल के हो चुके हैं तो रोहित शर्मा की उम्र 36 हो गई है। ऐसे में खिलाड़ियों की बढ़ती उम्र के चलते उनके करियर को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे है। रोहित शर्मा और विराट कोहली भी इससे दूर नहीं है। हम चाहते है कि हमारे खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा लंबे समय तक क्रिकेट खेले, लेकिन हर खिलाड़ी को अपना शेड्यूल के हिसाब से चलना होता है। तीनों फॉर्मेटों के खेलने के अलावा आईपीएल खेलना ये कोई आसान काम नहीं है।

जानकारी के मुताबिक कम से कम 5 खिलाड़ियों के भविष्य पर फैसला लिया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि वर्ल्ड कप के बाद सभी का ध्यान टी20 वर्ल्ड कप की तरफ चले जाएगा। भारतीय टीम ने 2007 के बाद टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीता है। ऐसे में अगले साल टी-20 विश्व कप 2024 को जीतने के लिए भारत कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा।

# लेह के बाद अब मुंबई पहुंची विश्व कप 2023 की ट्रॉफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनियाभर के कई स्थानों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के प्रचार ट्रॉफी टूर के एक हिस्से के रूप में, ऐतिहासिक वनडे विश्व कप 2023 की ट्रॉफी मंगलवार को मुंबई के माहिम में बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल में आएगी। बॉम्बे स्कॉटिश प्रिंसिपल सुनीता जॉर्ज ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा कि हम कल (मंगलवार) को अपने स्कूल में विश्व कप लाएंगे। यह ट्रॉफी टूरश का एक हिस्सा है। ट्रॉफी कोलकाता से लेह तक गई, जहां से अब मुंबई आ रही है।

**२० स्कूल से टीमें होंगी शामिल** स्कॉटिश मुंबई का एकमात्र स्कूल हैं, जिसे ट्रॉफी की मेजबानी करने का यह मौका मिला है। उन्होंने



कहा कि इस अवसर पर 20 स्कूलों से क्रिकेट टीमें आ रही हैं। पिछले महीने मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में आईसीसी ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच और उसके समापन दोनों की मेजबानी करेगा। 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक दस स्थानों पर विश्व कप के मैच होंगे और इसमें दस देशों की टीमें हिस्सा लेंगी।

**इन शहरों में होंगे मैच:** बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे इन स्थानों पर विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। हैदराबाद के साथ गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में प्री मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 2019 विश्व कप की फाइनलिस्ट टीमों इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच से अहमदाबाद में होगी। हालांकि भारत के मैच की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 अक्टूबर से होगी।

**भारत-पाकिस्तान मैच:** पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 4 नवंबर और भारत और पाकिस्तान का मैच 15 अक्टूबर को भी अहमदाबाद में खेला जाएगा। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 15 नवंबर को मुंबई और 16 नवंबर को कोलकाता में खेला जाएगा।

## बेयरस्टो के आउट होने पर स्टुअर्ट ब्रॉड ने की कैरी की निंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की सबसे पुरानी प्रतिद्वंदी सीरीज एशेज में कप्तान कमिंस की टीम द्वारा बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को अलग तरीके से आउट करना क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गया। कैमरून ग्रीन की की बाउंसर गेंद पर बेयरस्टो नीचे झुककर अपना बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसके बाद वे क्रीज पर मौजूद अपने साथी बल्लेबाज से बातचीत करने लगे, जिसका ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने फायदा उठाते हुए गेंद स्टंप्स पर फेंक दी। ऐसे में बेयरस्टो को तीसरे अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बाद पवेलियन लौटना पड़ा, जिसके बाद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड बल्लेबाजी करने मैदान पर आए। स्टुअर्ट ने खेल की भावना के खिलाफ जाने के लिए कैरी की कड़ी आलोचना की। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने ब्रॉड की बातों को हल्के में नहीं लिया और उन्हें 2013 एशेज सीरीज की याद दिलाते हुए दोगुला करार दिया। बेयरस्टो के विकेट के बाद ब्रॉड ने स्टंप-माइक लिया और कहा किच्चस तुम्हें इसके लिए ही हमेशा याद किया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### दो भारतीय खिलाड़ियों से कम्पीटिशन करना चाहते हैं एबी डीविलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डीविलियर्स ने 2021 में संन्यास की घोषणा की थी, लेकिन उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर वो वापसी करते तो सर्वश्रेष्ठ बनने की मेहनत करेंगे और सूर्यकुमार यादव व विराट कोहली से प्रतिस्पर्धा करेंगे। डीविलियर्स ने करीब 15 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। इस दौरान उन्होंने तीन बार आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित खिताब जीता और 2019 में उन्हें विज्डन के दशक के पांच क्रिकेटर्स में से एक के रूप में चुना गया। एबी डीविलियर्स के नाम बल्लेबाजी के कई रिकॉर्ड्स दर्ज है। एबी डीविलियर्स ने कहा, निश्चित ही मैं खेल सकता हूं। मगर अब वो चाहत नहीं बची है। यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ बने रहने के बारे में था। अगर मैं वापसी करूं तो सर्वश्रेष्ठ बने रहना चाहता हूं और सूर्या व कोहली से प्रतिस्पर्धा करना पसंद करूंगा। एबी डीविलियर्स ने कहा, श्मैंने अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली। मेरे ख्याल से यह जरूरी चीज है। इंपैक्ट प्लेयर के कारण मुझे पता है कि कई लोग जश्न मना रहे हैं। यह खिलाड़ियों का करियर बढ़ाएगा। मैं कभी ऐसा नहीं करूंगा।

### ब्रायन लारा ने उठाई वेस्टइंडीज क्रिकेट को सुधारने की जिम्मेदारी


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वनडे विश्व कप खेलने का सपना टूटने के बाद वेस्टइंडीज टीम अपने अगले मिशन की ओर बढ़ चुकी है। भारत के खिलाफ 12 जुलाई से वेस्टइंडीज को दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज से पहले कैरेबियाई टीम ने एक बड़ा फैसला लिया है। वेस्टइंडीज ने पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा को टीम में शामिल किया है। वह टीम में बतौर मेंटर जुड़े है। इसकी जानकारी विंडीज क्रिकेट ने खुद दी है। दरअसल, भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी ब्रायन लारा टीम से जुड़ गए है। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने ट्वीट शेयर कर लिखा कि दिग्गज ब्रायन लारा भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए कैंप में प्लेयर्स के साथ जुड़ गए है। वह बतौर मेंटर टीम में शामिल हुए है। बता दें कि वेस्टइंडीज ने आखिरी टेस्ट सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ फरवरी और मार्च में खेली थी, जिसमें उन्हें दोनों सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज पूरी तैयारियों में जुटी हुई है।

### 25 वर्ष की में 140 करोड़ की मालकिन है यह ड्रीम गर्ल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अरीना सबालेंका ने इसी साल ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता है। अरीना का विमेंस सिंगल्स में यह पहली बड़ी उपलब्धि है। हालांकि उन्होंने डबल्स में दो ग्रैंड स्लैम अपने नाम कर चुकी हैं। डबल्स में दुनिया की नंबर एक प्लेयर हैं। 5 फीट 11 इंच की छहरी काया वाली अरीना सबालेंक टेनिस कोर्ट में जब खेलती हैं तो उनमें सेरेना विलियम्स की झलत नजर आती है। वहीं हुस्न में वह रूस की पूर्व टेनिस प्लेयर मारिया शारापोवा से कम नहीं हैं। टेनिस से अब तक अरीना ने कुल 130 करोड़ से भी अधिक की मालकीन हैं। अरीना अपने खेल के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती है। हाल ही ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद उनसे रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर उनकी राय पूछी गई थी। हालांकि उनका जन्म बेलारूस में हुआ था लेकिन वह मियामी में रहती हैं। उन्हें बेलारूस में लोग टाइगर भी बुलाते हैं।

### धोनी ने बाइक पर गार्ड को दी लिफ्ट, वीडियो को देख पागल हो गए फैंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट के मैदान पर हो या बाहर वह हर जगह अपने फैंस के दिलों पर राज करते हैं। धोनी ने हाल ही में अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में पांचवी बार चैंपियन बनाया है। हालांकि यह उम्मीद की जा रही थी कि वह अगले सीजन में नहीं खेलेंगे लेकिन टूर्नामेंट के अंत में सभी तरह की अटकलों को विराम देते हुए धोनी ने ऐलान किया कि अगर वह पूरी तरह से फिट रहे थे आईपीएल 2024 जरूर खेलेंगे। धोनी के फैंस के लिए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एकता एवं अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं जनसंघ के संस्थापक थे। मातृभूमि के प्रति समर्पित उनकी जीवन गाथा सदैव हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

### कांग्रेस महानगर कमेटी की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस भवन में महानगर कांग्रेस के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष डॉ जसविन्दर सिंह गोगी ने नई महानगर कांग्रेस कमेटी घोषित की। गोगी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जी के अनुमोदन के उपरान्त नई महानगर कमेटी का गठन और घोषणा की जा रही है। कमेटी में सभी वर्गों के समुचित प्रतिनिधित्व का पूरा ध्यान रखा गया है। इस प्रेस वार्ता में उपस्थित महानगर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि वे आसन्न नगर निगम चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं।

### साइबर ठगी में फरार आरोपी ने किया सरेंडर

**संवाददाता** देहरादून। यू–ट्यूब चौनल लाइक–सबस्क्राब कर उसके जरिए कमाई का झांसा देकर देशभर के लोगों से पांच करोड़ रुपये हड़पने के गैंग में फरार चल रहे आरोपी ने एसटीएफ कार्यालय में सरेंडर कर दिया। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपी गैंग ने दून के मूक बधिर विक्रम पाडला से भी 13.11 लाख रुपये की ठगी की थी। केस दर्ज हुआ तो जांच इंस्पेक्टर विकास भारद्वाज ने की। इस दौरान चार आरोपियों के नाम सामने आए। तीन पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। चौथे आरोपी मोहम्मद इकबाल (37) निवासी गली संख्या 6, झारोदा माजरा, संगन विहार, बुरारी नार्थ दिल्ली ने खुद सरेंडर कर दिया। आरोपी से सात डेबिट कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### एसिक्स ने श्रद्धा कपूर को ब्रांड एंबेसडर किया घोषित

**संवाददाता** देहरादून। प्रमुख जापानी खेल प्रदर्शन ब्रांड, एसिक्स ने बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को एसिक्स इंडिया का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस सहयोग के साथ, एसिक्स इंडिया ने 'साउंड माइंड, साउंड बॉडी' की अपनी विचारधारा को लगातार मजबूत करना और भारतीय महिला फिटनेस उत्साहियों के बीच ब्रांड को प्रमुखता से कायम करना है। श्रद्धा कपूर, ब्रांड के फुटवियर और महिलाओं के स्पोर्ट्सवियर सेगमेंट का समर्थन करती हुए दिखाई देंगी।

# उत्पादों की मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं: मुख्यमंत्री

**निर्देश**

■ सीएम ने ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा की

■ केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में शासन स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में गुरुवार को सशक्त उत्तराखण्ड @ 25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने इन विभागों द्वारा तैयार की गई अल्प, मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन योजनाओं के तहत केन्द्रांश एवं राज्यांश क्रमशः 90 और 10 के अनुपात में हैं, उनकी यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर प्रस्ताव केन्द्र सरकार को जल्द भेजने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में शासन स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्रांश एवं



राज्यांश क्रमशः 90 और 10 के अनुपात की यदि कोई योजनाएं 2020 से पूर्व की लंबित हैं, तो इनका पूरा ब्यौरा दिया जाए।

ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उत्पादों की मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं, ऑनलाईन मार्केटिंग की भी समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। उत्तराखण्ड के जिन उत्पादों की अधिक मांग है, उनकी पूर्ति के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठकों में जो निर्णय लिये जा रहे हैं, अगली बैठक में सबसे पहले उन निर्णयों के क्रियान्वयन में की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये गांवों में जो भी विकास के कार्य किये जा रहे हैं, उसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले। जिन योजनाओं में भारत सरकार के स्तर से सामग्री अंश के भुगतान में किसी कारण विलम्ब होने की स्थिति में रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था की जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 में 150 लाख मानव दिवस के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर एवं जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है। मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर में वित्तीय प्रगति गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 44, 59 एवं 42 प्रतिशत अधिक रही। ग्रामीण विकास के माध्यम से आर्थिकी को दुगुना करने के लिए मनरेगा के तहत विभिन्न रेखीय विभागों के कन्वर्जेन्स की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन वैल्यू चौन आधारित विपणन सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जा रहा है। 2025 तक सवा लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक प्रदेश में 40 हजार लखपति दीदी बन चुकी हैं।

बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, नितेश झा, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव आनंद स्वरूप, नितिका खण्डेलवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### गावों में सोलर लाईट को बढ़ावा दिया जाए

पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ग्राम पचायतों को ओडीएफ प्लस करने की कार्यवाही में और तेजी लाई जाए। गावों में सोलर लाईट को बढ़ावा दिया जाए। कम्प्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाए।

# प्रतिदिन के कार्य प्रगति की रिपोर्टिंग करेंगे अधिकारी

**बैठक**

■डीएम ने नगर क्षेत्र की समस्त व्यवस्थाओं को सुगम बनाने पर की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने देहरादून नगर क्षेत्र स्थित सड़क मार्गों को गढ्ढामुक्त रखे जाने, नालियों की कनेक्टिविटी बनाने, आदि समस्त व्यवस्थाओं को सुगम बनाने हेतु नामित किये गए सुपर नोडल, नोडल अधिकारी एवं सैक्टर अधिकारियों के साथ वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शहर के नागरिक के समान समस्याओं से रूबरू होते हुए आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुगम बनाकर जनमानस को समस्याओं से निजात दिलाएंगें। कहा कि जिस प्रकार जी–20 में आपसी समन्वय बनाकर आप सभी ने बेहतर कार्य कर दिखाया, ठीक इसी तर्ज पर सभी अधिकारीगण अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थलीय निरीक्षण करते हुए चैकलिस्ट तैयार करेंगे। चैकलिस्ट के आधार पर ही रेखीय विभाग द्वारा उक्त कार्य को तत्काल पूर्ण कराए जाएंगे, जिनकी नियमित समीक्षा की जाएगी। कहा कि प्राथमिकता के साथ शहर को गड्डामुक्त सड़क, नाली आदि सुव्यवस्थित रूप से निकासी तथा विद्युत पोल एवं तारों को व्यवस्थित करेंगे, जिससे आवागमन करने वाले जनमानस को सुगम सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने एक प्लानिंग के अधार पर शहर की समस्याओं से जनमानस को निजात दिलाने हेतु अधिकारियों को सौंपे दायित्व। अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याओं के निस्तारण के साथ नियमित निगरानी बनाने के साथ प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्टिंग करेंगे।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एवं सुपर जोनल अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को समन्वय बनाते हुए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सुपर जोनल सहित समस्त जोनल एवं सैक्टर अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

### अमर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार शहीद द्वार का लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को गजियावाला में अमर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार की 53 वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पंचायत द्वारा निर्मित शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार स्मृति द्वार का लोकार्पण भी किया व शहीद के माता–पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा शहीद का सम्मान करना उसकी वीरता का बखान करना हर देश वासी का कर्तव्य है। धामी सरकार सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सैनिकों की याद में गुनियालगांव में भव्य सैन्यधाम का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सैनिकों को उनके शौर्य के लिए मिले मेडल के आधार पर राशि को बढ़ाया है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।